गुजरात में आमों का उत्पादन

3278. श्री गोपालसिंह जो. सोलंकी :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गुजरात में जूनागढ़, सूरत, वलसाड और कच्छ जिलों में विभिन्न किस्मों के आमों के किस्म-वार, कुल उत्पादन की जानकारी है;

(ख) क्या गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आमों का अधिक उत्पादन हुआ है और इस वर्ष आम का प्रति किलो मूल्य कितना है;

(ग) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसानों को अपने उत्पादों का उचित तथा लाभकारी मूल्य प्राप्त हो, किसी सरकारी समिति की स्थापना के लिए कोई योजना बनाई है;

(घ) क्या सरकार ने आमों के मात्रा-वार उत्पादन को बढ़ाने हेतु किसानों के लिए कोई कार्य-योजना बनायी है; क्या सरकार इस बारे में किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक तथा तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराती है और क्या किसानों को वित्तीय-सहायता प्रदान करने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) जी हां।

(ख) इस वर्ष आम का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक नहीं है। अहमदाबाद और सूरत के बाजारों में अप्रैल से जुलाई के दौरान आम फल का प्रति किलोग्राम औसत मूल्य 8.50 रुपए से 12 रुपए के बीच रहा ;

(ग) किसानों को पर्याप्त लाभ दिलाने के लिए सरकार ने कृषि जिन्सों जिसमें आम भी शामिल है, के लिए विभिन्न सहकारी समितियां स्थापित करने के लिए योजनाएं तैयार की हैं।

(घ) और (ङ) भारत सरकार ट्रापिकल, शुष्क और शीतोष्ण क्षेत्रीय फलों के एकीकृत विकास के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के तहत क्वालिटी रोपण सामग्री की आपूर्ति, क्षेत्र विस्तार, पुनरुद्धार, प्रदर्शन तथा प्रशिक्षण के जरिए उत्पादकता सुधार के लिए सहायता दे रही है।

आम के क्षेत्र विस्तार के तहत 7500 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से सहायता दी जा रही है। आठवीं योजनावधि के दौरान गुजरात के लिए आम सहित फल के विकास के लिए कुल आवंटन 377.10 लाख रुपए है। इसके अलावा राज्य सरकार 2000 हैक्टेयर के नए बागानों हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कृषकों के लिए 3000 रुपए प्रति हैक्टेयर की दर से तथा अन्य लाभानुभोगियों के लिए 1500 रुपए प्रति हैक्टेयर की दर से सहायता भी दे रही है। राज्य सरकार 230 हैक्टेयर हेतु पादप रक्षण और प्रदर्शनों के लिए 2000 रुपए प्रति हैक्टेयर की दर से सहायता भी दे रही है।

GAPS IN INVESTMENT IN AGRICULTURE SECTOR

3279. DR. NAUNIHAL SINGH : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether there are gaps in planned investment in the agriculture sector in the first two years of the Eighth Five Year Plan; if so, the details thereof; and

(b) what steps Government have taken or intend to take to overcome this with details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM) : (a) Latest available estimates of gross capital formation in agriculture sector relate to the year 1991-92.

(b) The strategy to increase capital formation in agriculture includes increased plan outlays and increasing the proportion of planned investment for development of infrastrcture, more efficient use of resources to raise productivity and ensuring remunerative prices to farmers to induce them to go for higher investments in agriculture,